प्रेषक,

निदेशक,
स्थानीय निकाय,
8वाँ तल, इन्दिरा भवन,
लखनऊ ।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
लखनऊ/आगरा/रायबरेली/शामली/शाहजहाँपुर/सोनभद्र/फतेहपुर/झाँसी/जालौन/मैनपुरी/महराजगंज/गोरखपुर/अम्बेडकरनगर/आजमगढ़/संतकबीरनगर/प्रतापगढ़/अलीगढ़/गोण्डा ।

संख्या-8/4070/151(V)आदर्श नगर योजना/2012-13 लखनऊ : दिनांकः 27 फरवरी 2013

विषयः-आदर्श नगर योजना के अन्तर्गत अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु अनुदान की स्वीकृति के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आपके जनपद की निकायों को संलग्न सूची में उल्लिखित शासनादेशो के सम्मुख आदर्श नगर योजना के अन्तर्गत प्रथम/द्वितीय/तृतीय किश्त के रूप में धनराशि स्वीकृत की गयी है । उल्लेखनीय है कि आदर्श नगर योजना के क्रियान्वयन/दिशा निर्देशों के क्रम में समस्त सम्बन्धित निकायों को स्वीकृत धनराशि का 10 प्रतिशत निकाय अंशदान तथा जिन निकायों को प्रथम किश्त के रूप में धनराशि स्वीकृत हुई है, उन निकायों को एतद्विषयक गाईड लाईन दिनांक 24-01-2008 में उल्लिखित सुधार लागू करने हेतु उ0प्र0 शासन एवं स्थानीय निकाय निदेशालय तथा सम्बन्धित नागर निकाय के मध्य अनुबन्ध भी किया जाना है ।

2- **<u>अतः प्रथम किश्त के रूप में जिन निकायों में धनराशि स्वीकृत हुई है,</u>** उनके लिये अनुबन्ध के प्रारूप की प्रति संलग्न करते हुये अनुरोध है कि कृपया संलग्न सूची के अनुसार स्वीकृत धनराशि का 10 प्रतिशत निकाय अंशदान की धनराशि जमा करने तथा संलग्न अनुबन्ध के प्रारूप का अनुमोदन निकाय की बोर्ड से कराकर इस निदेशालय में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में आहूत बैठक दिनांक 04/3/13 को प्रातः 3.00 बजे उपस्थित होने हेतु सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी को निर्देशित करने की कृपा करें । अनुबंध 10 रू0 के स्टाम्प पर होगा ।

3- उक्त के अतिरिक्त उपरोक्त संबंधित निकायों को किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के सी0बी0एस0 युक्त शाखा में नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत.........................जनपद..........................आदर्श नगर योजना, के नाम से खाता खुलवाना है तथा निकायों द्वारा खुलवाये गये खाते की संख्या, शाखा का नाम, कोड तथा खाते का इण्टरनेट बैंकिग आई0डी0 व पासवर्ड एवं पास बुक की प्रमाणित छायाप्रति भी उपलब्ध करायी जायेगी । खाते का संचालन अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से होगा । विशेष उल्लेखनीय यह भी है कि उपरिवर्णित/रेखांकित 10 प्रतिशत निकाय अंशदान की धनराशि संबंधित निकाय द्वारा खुलवाये जाने वाले खाते की शाखा एवं खुलवाये गये खाते में जमा की जायेगी । इसके अतिरिक्त संबंधित अधिशासी अधिकारी को यह भी निर्देशित करने का कष्ट करें कि उक्त शासनादेश में स्वीकृत कार्य यदि किसी अन्य योजना में सम्मिलित है तो शासन/निदेशालय को तत्काल अवगत कराये । यह संबंधित अधिशासी अधिकारी का व्यक्तिगत उत्तरदायित्व होगा ।

**उपरोक्त के अतिरिक्त द्वितीय/तृतीय /चतुर्थ किश्त के रूप में जिन निकायों को धनराशि स्वीकृत हुयी है,** के लिये संबंधित अधिशासी अधिकारियों को यह निर्देशित करने का कष्ट करें कि वे कृपया संलग्न सूची के अनुसार स्वीकृत धनराशि का 10 प्रतिशत निकाय अंशदान की धनराशि सी0वी0एस0 युक्त शाखा में नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत....................जनपद...............आदर्शनगर योजना के नाम से खुले खाते में जमा करते हुये खाते की संख्या, शाखा का नाम, कोड तथा खाते का इण्टरनेट बैंकिग आई0 डी0 व पासवर्ड (view option only) , पासबुक की प्रमाणित छायाप्रति तथा पूर्व में स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष उपभोग की अद्यतन स्थिति एवं समयबद्ध एवं चरणबद्ध सुधारो की स्थिति तथा उक्त शासनादेश में स्वीकृत कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित नही है एवं न ही किसी अन्य योजना से कराये गये है, विषयक प्रमाण-पत्र सहित इस निदेशालय में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में आहूत बैठक दिनांक 04/8/13 को दोपहर 3.00 बजे स्वयं उपस्थित हो ।

ज्ञातव्य है कि स्वीकृत धनराशि का चालू वित्तीय वर्ष में ही आवंटन एवं व्यय किया जाना है अतः प्रकरण में त्वरित कार्यवाही अपेक्षित है । यहां यह भी स्पष्ट किया जाता है कि यदि धनराशि व्यपगत होती है तो तद्नुसार उत्तरदायित्व संबंधित निकाय का होगा ।

संलग्नकः यथोपरि ।

भवदीय,

27/7/13

(डा0 मुथुकुमारस्वामी बी)
निदेशक ।

**संख्या व दिनांक तदैव**

1- प्रतिलिपि विशेष सचिव, उ0प्र0 शासन नगर विकास अनुभाग-8, लखनऊ ।
2- सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी को उपरोक्तानुसार अनुपालनार्थ ।
3- प्रभारी तकनीकी सेल, स्थानीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ को संलग्न सूची में उल्लिखित शासनादेशो की प्रतियों सहित आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4- कम्प्यूटर आपरेटर/प्रोग्रामर को बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु ।

संलग्नकः यथोपरि ।

(डा0 मुथुकुमारस्वामी बी)
निदेशक ।

# आदर्श नगर योजना

(धनराशि रू0 में)

| क्र0 | शासनादेश एवं दिनांक | निकाय का नाम | जनपद का नाम | स्वीकृत धनराशि | निकाय का अंश |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | संख्या-51आ.न.यो./9-8-2013-1(04)/आ.न.यो./2012 दिनांक 18.02.2013 प्रथम किश्त | न0प0 नगराम | लखनऊ | 7000000 | 777778 |
| 2 | संख्या-51आ.न.यो./9-8-2013-1(04)/आ.न.यो./2012 दिनांक 18.02.2013 प्रथम किश्त | न0प0 स्वामीबाग | आगरा | 5200000 | 577778 |
| 3 | संख्या-51आ.न.यो./9-8-2013-1(04)/आ.न.यो./2012 दिनांक 18.02.2013 प्रथम किश्त | न0प0 डलमऊ | रायबरेली | 5500000 | 611111 |
| 4 | संख्या-51आ.न.यो./9-8-2013-1(04)/आ.न.यो./2012 दिनांक 18.02.2013 प्रथम किश्त | न0प0 झिंझाना | शामली | 9500000 | 1055556 |
| 5 | संख्या-51आ.न.यो./9-8-2013-1(04)/आ.न.यो./2012 दिनांक 18.02.2013 प्रथम किश्त | न0प0 खुटार | शाहजहॉपुर | 1000000 | 111111 |
| 6 | संख्या-51आ.न.यो./9-8-2013-1(04)/आ.न.यो./2012 दिनांक 18.02.2013 प्रथम किश्त | न0प0 चोपन | सोनभद्र | 5500000 | 611111 |
| 7 | संख्या-51आ.न.यो./9-8-2013-1(04)/आ.न.यो./2012 दिनांक 18.02.2013 प्रथम किश्त | न0प0 कोड़ा जहानाबाद | फतेहपुर | 2000000 | 222222 |
| 8 | संख्या-51आ.न.यो./9-8-2013-1(04)/आ.न.यो./2012 दिनांक 18.02.2013 प्रथम किश्त | न0प0 कटेरा | झांसी | 4600000 | 511111 |
| 9 | संख्या-51आ.न.यो./9-8-2013-1(04)/आ.न.यो./2012 दिनांक 18.02.2013 प्रथम किश्त | न0प0 ऊमरी | जालौन | 2700000 | 300000 |
| 10 | संख्या-51आ.न.यो./9-8-2013-1(04)/आ.न.यो./2012 दिनांक 18.02.2013 द्वितीय किश्त | न0प0 किशनी | मैनपुरी | 2000000 | 222222 |
| 11 | संख्या-51आ.न.यो./9-8-2013-1(04)/आ.न.यो./2012 दिनांक 18.02.2013 द्वितीय किश्त | न0प0 निचलौल | महराजगंज | 2000000 | 222222 |
| 12 | संख्या-51आ.न.यो./9-8-2013-1(04)/आ.न.यो./2012 दिनांक 18.02.2013 द्वितीय किश्त | न0प0 पी.पी. गंज | गोरखपुर | 2000000 | 222222 |
| 13 | संख्या-51आ.न.यो./9-8-2013-1(04)/आ.न.यो./2012 दिनांक 18.02.2013 तृतीय किश्त | न0प0 बेवर | मैनपुरी | 7000000 | 777778 |
| 14 | संख्या-51आ.न.यो./9-8-2013-1(04)/आ.न.यो./2012 दिनांक 18.02.2013 तृतीय किश्त | न0प0 अशरफपुर किछौछा | अम्बेडकरनगर | 2000000 | 222222 |
| 15 | संख्या-51आ.न.यो./9-8-2013-1(04)/आ.न.यो./2012 दिनांक 18.02.2013 तृतीय किश्त | न0प0 बिलरियागंज | आजमगढ़ | 1000000 | 111111 |
| 16 | संख्या-51आ.न.यो./9-8-2013-1(04)/आ.न.यो./2012 दिनांक 18.02.2013 तृतीय किश्त | न0प0 हरिहरपुर | संतकबीरनगर | 2000000 | 222222 |
| 17 | संख्या-51आ.न.यो./9-8-2013-1(04)/आ.न.यो./2012 दिनांक 18.02.2013 तृतीय किश्त | न0प0 जीयनपुर | आजमगढ़ | 1000000 | 111111 |
| 18 | संख्या-51आ.न.यो./9-8-2013-1(04)/आ.न.यो./2012 दिनांक 18.02.2013 तृतीय किश्त | न0प0 कटरामेंदनीगंज | प्रतापगढ़ | 2000000 | 222222 |

# आदर्श नगर योजना

(धनराशि रू0 में)

| क्र0 | शासनादेश एवं दिनांक | निकाय का नाम | जनपद का नाम | स्वीकृत धनराशि | निकाय का अंश |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 19 | संख्या-52/नौ-आठ-2013-1(4)/आ.न.यो./12 दिनांक 18.02.2013 प्रथम किश्त | न0पा0परि0 सोनभद्र राबर्टसगंज | सोनभद्र | 2000000 | 222222 |
| 20 | संख्या-52/नौ-आठ-2013-1(4)/आ.न.यो./12 दिनांक 18.02.2013 द्वितीय किश्त | न0पा0परि0 अतरौली | अलीगढ़ | 2500000 | 277778 |
| 21 | संख्या-52/नौ-आठ-2013-1(4)/आ.न.यो./12 दिनांक 18.02.2013 तृतीय किश्त | न0पा0परि0 तिलहर | शाहजहॉपुर | 5000000 | 555556 |
| 22 | संख्या-52/नौ-आठ-2013-1(4)/आ.न.यो./12 दिनांक 18.02.2013 तृतीय किश्त | न0पा0परि0 नवाबगंज | गोण्डा | 4500000 | 500000 |